हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



14 डॉ. आंबेडकर ने जीवन भर दलित एवं पिछड़े ...



14 प्रह्लाद था भगवान विष्णु का महान उपासक



नवरात्रि विशेष



## अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

# महामाया मंदिर में जसगीतों की प्रस्तुति ने ग्रामीणों को किया भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

चैत्र नवरात्रि पर ग्राम के महामाया मंदिर में 200 से अधिक ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। यहां शीतला माता की सुबह- शाम आरती की जाती है। पश्चात ग्राम के बच्चें, बुजुर्ग एवं महिलाओं की टीम गीत गाते हैं। आसपास के अन्य ग्रामों की सेवा समितियां भी आकर मातारानी की सेवागीत गाते हैं। पंचमी में भक्तगण स्वेच्छा से हलवा प्रसाद बांटे। सभी शक्ति अनुसार भक्ति कर रहे हैं। खल्लारी माता मंदिर में 85 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। ग्रामीणों ने बताया आधुनिकता के इस युग में आज भी मिट्टी के खप्पर नादी प्रयोग कर ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। जिसे पवित्र माना जाता है। सुन्दर भी लगता है। यहां प्राचीन परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है। कहा जाता है मिट्टी से बने पात्र दिया, मटकी, कलश आदि बर्तनों के प्रयोग करने से कुम्हार वर्गों को रोजगार भी मिलता है, जिससे प्रोत्साहित होकर अपनी परम्परा निर्वाह करते हैं। मान्यता है कि अगर भक्त संकल्प लेकर नवरात्रि में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करें और उसे पूरी भावना और मन से जलाए रखें तो देवी प्रसन्न होती हैं और उसकी सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण करती हैं। देवी भागवत पुराण के अनुसार नवरात्रि की अखंड ज्योति के सामने जप करने से फल हजार गुणा ज्यादा बढ़ जाता है। ग्रामीण पंडा रमेश ने बताया मातारानी की विधि विधान से पूजा पाठ करते हैं। अलग-अलग दिनों में विभिन्न पकवानों का भोग लगाते हैं सेवा गाते हैं अच्छा लगता है।

### महामाया मंदिर में 200 से अधिक और खल्लारी माता मंदिर में 85 ज्योति प्रज्ज्वलित



कार्रवाई : 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने की हिदायत

# चुनावी ड्यूटी में लापरवाही, सीईओ और नायब तहसीलदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी केएल चौहान ने चुनावी कामकाज में लापरवाही बरतने के चलते दो अधिकारी सहित एक कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब तलब करने के आदेश दिए हैं। इसमें जनपद पंचायत सीईओ एमएल मंडावी, बलौदाबाजार नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी और नगर पालिका परिषद राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनी शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत सीईओ एमएल मंडावी द्वारा एसएसटी टीम के लिए मूलभूत व्यवस्था नहीं करने, बलौदाबाजार नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी निर्धारित ड्यूटी स्थल स्ट्रांग रूम में नहीं पहुंचने, रिपोर्ट नहीं देने एवं नगर पालिका परिषद राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनी ड्यूटी स्थान में उपस्थित होकर भी कार्य नहीं करने पर सख्त चेतावनी देते हुए नोटिस जारी की है। उक्त सभी नोटिस लोकसभा व्यय प्रेक्षक के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा जारी किया है।

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी का गठन किया गया है। उक्त दल द्वारा लोकसभा निर्वाचन के अनुक्रम में जिले के विभिन्न चेक पोस्ट पर वाहनों एवं अन्य माध्यमों से हो रहे अवैध परिवहन की जांच की जाती है। स्थैतिक निगरानी दलों के लिए चेक पोस्ट पर आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी जनपद सीईओ की थी। पर व्यय प्रेक्षक लोकसभा क्षेत्र कमांक 08–रायपुर द्वारा भ्रमण के दौरान डोटोपार में स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी को पेड़ की छाया में बैठकर ड्यूटी करते पाया गया। निर्देशित किये जाने के उपरांत भी आज दिनांक तक जनपद सीईओ मंडावी द्वारा स्थैतिक निगरानी दल के लिए छाया, पानी, स्टॉपर इत्यादि की व्यवस्था नहीं की गई। जिस व्यय प्रेक्षक द्वारा उक्त अव्यवस्था पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की गई।



### वाहनों की नहीं की गई चेकिंग

इसी तरह राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र कुमार की डोटोपार चेक पोस्ट के स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी में ड्यूटी लगाई थी। निरीक्षण के दौरान सुरेंद्र कुमार को डोटोपार में पेड़ की छाया में बैठकर ड्यूटी करते पाया गया तथा उसके द्वारा किसी भी वाहन की जांच नहीं की गई। इससे स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा कर्तव्य का पालन न करते हुए निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है।

### नायब तहसीलदार ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया

इसी तरह लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार में ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों को रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जिसमें आयोग के निर्देशानुसार प्रतिदिवस स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु अधिकारियों की रूटीन में ड्यूटी लगाई है, लेकिन नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी द्वारा उक्त आदेश के अवहेलना करते हुए चयनित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। तीनों के द्वारा निर्वाचन कार्य को गंभीरता से न लेते हुए गंभीर लापरवाही बरती गई है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28–क के तहत दण्डनीय है।

# बाइक चालक से मारपीट तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



बाइक चालक राहगीर को तीन युवकों द्वारा ओव्हरटेक करते हुए मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात 8 बजे हॉलर मिल के सामने एक बाइक सवार पर दूसरे बाइक सवार ने हमला कर दिया। पीड़ित गुरुवार को अपने स्कूटी से फैंसी समान खरीदकर बलौदाबाजार से लौट रहा था, तभी रात्रि लगभग लगभग 8 बजे सुहेला हॉलर मिल के पास बाइक में सवार 3 सवार व्यक्तियों ने ओवरटेक करते हुए साइड में उसे रोका। पीड़ित ने तीनों युवकों को पहचान लिया जिसमें सुहेला के ऋषि यादव, राजू यादव एवं उनके एक अन्य साथी था, तीनों ने मिलकर उसे गाली गलौच की और ईंट-पत्थर से मारपीट किए। हेलमेट पहनने से पीड़ित का सिर बच गया।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने सुहेला के ही ऋषि यादव, राजू यादव, रामचरण तीनों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसर के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है। आरोपियों को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है।

## नामांकन रैली में शामिल हुए कार्यकर्ता



**बलौदाबाजार।** बृज मोहन अग्रवाल के नामांकन रैली का स्वागत करने बलौदाबाजार से नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र टिकरीहा सहित सैकड़ों की संख्या में रायपुर जिला सहकारी बैंक रायपुर के सामने स्वागत अभिनंदन कर विजय प्राप्त करने शुभकामनाएं दी।

खबर संक्षेप



## केमिकल युक्त गंदे पानी से किसानों की फसल बर्बाद

**हथबंध।** रिगनी अपोलो कंपनी द्वारा छोड़े जा रहे केमिकल युक्त गंदे पानी से आधा दर्जन किसानों का फसल बर्बाद हो चुकी है। सिमगा ब्लॉक ग्राम पंचायत रिगनी में स्थापित अपोलो संयंत्र कंपनी से छोड़े जा रहे गंदा, केमिकल, अपशिष्ट जल का रिसाव अपोलो कंपनी के सीमा से लगे किसानों के खेत में एवं आस पास के ग्राम बीबीइ रिगनी, झिरिया, डोंगरियां का किसानों के खेत में देखा जा सकता है।

## बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**सिमगा।** विकासखंड सिमगा के ग्राम चक्रवाय में जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत सिमगा के सभापति गंगा प्रसाद ओगरे एवं उनके बड़े भाई डोमन ओगरे को पुत्र रत्न की प्राप्ति पर सोमवार को ग्राम पंचायत चक्रवाय के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोजन में खीर, पूरी, आचार, पापड़, दाल, भात सब्जी का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य एवं सभापति गंगा ओगरे, सरपंच दौलत बंजारे, शाला समिति के अध्यक्ष मेंघनाथ रजक, राजकुमार, धृतलहरे, गीतेश बंजारे, संकुल प्राचार्य मोनेश गुप्ता, संकुल समन्वयक मोहन जंगाड़े, सहित शाला परिवार के समस्त शिक्षक छात्र- छात्राएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# मंत्री टंकराम ने गिनाए घोषणा पत्र की खासियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी–2024 नाम दिया है। आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया।



इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि सबका साथ–सबका विकास के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

# रुक्मिणी विवाह कथा का श्रवण करने उमड़ी भीड़




**बलौदाबाजार।** ग्राम कोकड़ी बलौदबजार में नौ दिवस राम श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथाकार जय श्रवण महाराज है। सातवें दिन कांचवड़ और रुक्मणी विवाह की कथा महाराज द्वारा सुनाई गई, जिसमें कथा विस्तार पूर्वक बतायी गई। वासुदेव भगवान कृष्ण को लेने गए तो गोपियां किस प्रकार से विचलित हुई और कृष्ण जी को हम नहीं जाने देंगे, इस प्रकार का वर्णन महाराज द्वारा किया गया। उन्होंने बताया गया कि श्रीकृष्ण और रुक्मणी का विवाह किस प्रकार संपन्न हुआ, जिसमें महाराज द्वारा कथा में बताया गया कि रुक्मणी साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा हैं और हमें उनका नित्य पाठ करना चाहिए। रुक्मणी कृष्ण के विभाग की जो लीलाएं हुई हैं और जो कथाएं हुई इसका विस्तार पूर्व वर्णन किया गया, जिससे जन-जन को अनंत आनंद की प्राप्ति हुई और उन्हें कृष्ण रुक्मणी विवाह की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

# शिवसेना चुनाव में भाजपा का करेगी समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विधानसभा की तरह ही लोकसभा चुनाव में भी छग शिव सेना भाजपा के समर्थन में है। छग शिवसेना स्व बाला साहेब के सिध्दांतों पर चल रही है और चलती रहेगी। उद्धव ठाकरे के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहते हुए पालघर में साधु-संतों की हत्या की गई, जिसके बाद उद्धव ठाकरे से दूर जाना ठीक लगा। इसलिए, वे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं।

यह बात छग शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार ने प्रेसवार्ता के दौरान बताई। पुराने रेस्ट हाऊस में आयोजित प्रेसवार्ता में छग शिवसेना प्रमुख श्री परिहार ने बताया कि बीते 7-8 वर्षो की तरह ही इस वर्ष भी शिवसेना द्वारा दुर्गा मंदिर से घुंचापाली चंडी मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की तदाद में पैदल यात्री करीब 60 मीटर की चुनरी को माता चंडी के चरणों में भेंट की गई। वहीं, उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान बसना के जाड़ामुड़ा समिति में किसानों के नाम पर डेढ़ करोड़ रुपए के धान घोटाला का मुद्दा भी उठाया। श्री परिहार का कहना है कि समित प्रबंधक उमेश भोई किसानों से ठगी कर फरार हो गया। इसके चक्कर में किसानों द्वारा बेचे गए वास्तविक धान का भुगतान भी शासन द्वारा रोक दिया गया है, जिससे उन किसानों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। शिव सेना द्वारा इस मामले में विधायक, सांसद, कलेक्टर आदि को ज्ञापन सौंपकर किसानों को भुगतान करने का आग्रह किया गया है। लेकिन, अब तक उनका भुगतान अटका हुआ है। इस मुद्दे पर आचार संहिता समाप्त होते ही एक बड़ा आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस दौरान महासमुंद जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, पुनित राम साहू, श्री शुक्ला, अजय बंजारे, अशोक प्रधान, दुर्गेश गुप्ता, लोकेश्वर चंद्राकर आदि मौजूद रहें।

कलेक्टर ने विद्युत, पेयजल, सौर ऊर्जा के संबंध में ली बैठक

# गर्मी में पेयजल और बिजली आपूर्ति का रखे ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में विद्युत, पेयजल, सौर ऊर्जा और समग्र शिक्षा के तहत बच्चों की पढ़ाई के प्रगति के संबंध में बैठक ली। बैठक में एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, विद्युत के प्रभारी अधिकारी नरेन्द्र नायक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) के प्रभारी अधिकारी कमल कंवर, क्रेडा और समग्र शिक्षा के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर साहू ने पीएचई अंतर्गत किए जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यों के संबंध में कहा कि इस कार्य में स्वतंत्र रूप से कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति-युवा को विभाग द्वारा ट्रेनिंग दी जाए, ताकि आकस्मिक रूप से किसी के नल आदि में कोई खराबी आए तो वे गांव, शहर में स्थानीय स्तर पर उनसे संपर्क कर जल आपूर्ति ठीक करा लें। जल जीवन मिशन, सौर ऊर्जा, विद्युत और समग्र शिक्षा के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य में भूमि संबंधी कार्य के लिए कलेक्टर ने एसडीएम सारंगढ़ जैन को समन्वय कर कार्य करने कहा।

### सौर ऊर्जा को दे बढ़ावा

*कलेक्टर ने क्रेडा विभाग को जिले में उपयुक्त स्थानों में सौर ऊर्जा उत्पादन करने के लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करने के लिए कहा। इसी प्रकार कलेक्टर ने ऊर्जा विभाग अंतर्गत जिले के स्थापित और निर्माणाधीन ट्रांसफार्मर, केव्ही लाइनों के बारे में जानकारी ली। इसी प्रकार समग्र शिक्षा के अधिकारियों ने बताया कि समग्र शिक्षा अंतर्गत बालवाड़ी के 5–6 के बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल के शिक्षक को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक पढ़ाने हेतु अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है, जिसका मानदेय उनको प्रतिमाह 500 रूपए दिया जाता है। कलेक्टर साहू ने समग्र शिक्षा के रायगढ़ और बलौदाबाजार से बैठक में आए प्रभारी अधिकारियों को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग से जुड़े कार्यों, गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विद्युत अधिकारी नरेन्द्र नायक ने मोर बिजली एप्प के बारे में बताया कि बिजली बिल के भुगतान से लेकर बिजली से संबंधित सभी कार्य इस एप्प में किया जा सकता है और यह एप्प प्ले स्टोर में उपलब्ध है।*

## फास्ट फूड निर्माण के लिए प्रशिक्षण शुरू

**मुड़पार-सरसींवां।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में 15 अप्रैल से 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ –बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### नांदगांव में रामायण समारोह कल से

**महासमुंद**। ग्राम नांदगांव में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक अखंड पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 3001 रुपए, द्वितीय 2501 एवं तृतीय 1001 रुपए प्रदाय किया जाएगा। इन विजयी टीमों को गंगा प्रसाद तारक द्वारा क्रमशः 301 रुपए, 201 एवं 101 रुपए सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में आयोक समिति के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, उपाध्यक्ष रामनारायण धीवर, कोषाध्यक्ष दशरू पटेल, सचिव विष्णु चंद्राकर, सलाहकार खोरबाहरा धीवर, संरक्षक दीनू राम पटेल एवं ठाकुर राम धीवर व सदस्यगण समेत ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### गंजपारा में हवन पूजन कल, होंगे विविध कार्यक्रम

**महासमुंद**। स्थानीय गंजपारा हनुमान (साई) मंदिर में 17 अप्रेल सोमवार को सुबह 8 बजे हवन, 10 बजे से रामायण भजन कार्यक्रम और 12 बजे से सोहर गीत कार्यक्रम रखा गया है। राम जन्म मंगल उत्सव सोहर गीत के पश्चात संध्या को प्रसाद वितरण एवं शाम 7 बजे हनुमान चालिका पाठ रखा गया है।

## आयोजन : अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह पर विविध कार्यक्रम हुए

# बाबा साहेब ने विश्व का एक अद्भुत संविधान बनाकर भारत को नए युग में कराया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





14 अप्रैल को भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई बौद्ध विहार महासमुंद में भारतीय बौद्ध महासभा, सौकां रमाबाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल एवं भीम युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिला स्तरीय अंबेडकर जयंती समारोह के मुख्य अतिथि आदित्य बोधी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समता सैनिक दल, अध्यक्षता शंकर नंदेश्वर जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्घ महासभा जिला महासमुंद, विशेष अतिथि पीजी बंसोड़ (संरक्षक), संजय वासनिक संरक्षक, तुलेंद्र सागर अजाक्स जिला सचिव, डॉ. एनके मंडपे, प्रमुख सलाहकार, बीआर घोड़ेसवार, सतीश उके, दिलीप मोटघरे, रीना वासनिक बौद्घ महिला मंडल जिलाध्यक्ष एवं अंबेडकर अनुयायीगण मौजूद रहे।

सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे अंबेडकर चौक पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात नयापारा में स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। बाद भदंत आर्य नागुर्जन सुरई ससाई बुद्ध विहार में विधिवत बुद्घ वंदना की गई। शाम 5 बजे नयापारा अंबेडकर की प्रतिमा के पास से शोभायात्रा भीम गीतों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक विभिन्न चौक चौराहों से होकर बुद्ध विहार के पास स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चौक पर समापन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अंबेडकर अनुयायी गण उपस्थित रहे।

शाम 7 बजे अतिथियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान पश्चात सौका रमा बाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद 200 मीटर दौड़ वर्ग की 11 से 15 से 6 से 11 आलू दौड़ बालक बालिका कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रंगोली प्रतियोगिता महापुरुषों पर आधारित पेंटिंग कुर्सी दौड़ महिला के प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त अरविंद गलपांडे और सफल उद्यमी सुखश्याम बंसोड को सम्मानित किया गया। समाज में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने के लिए बीपी मेश्राम, भाऊलाल बेलेकर, बीआर घोड़ेसवार, राजेश आर भालेराव, दिलीप मोटघरे, सुजाता रामटेके, संजय रामटेके, अमित उके, कुणाल रंगारी, रतन कामड़े, सतीश उके, रीना वासनिक देवेंद्र मेश्राम, आकाश डोंगरे, गुणवतंता नागदेवे, राजेश रामा भालेराव, अनिल सहारे आदि सम्मानित को किया गया। बास्केट बाल में गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता दिव्या विनोद रंगारी के साथ ही योजना विनोद रंगारी बास्केट बाल नेशनल खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

सांस्कृति कार्यक्रम भीम व बुद्ध गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमें बाबा साहेब के सामाजिक कार्यों व देश हित में योगदान पर आधारित थे, जिसमें आयुषी मेश्राम, श्रद्धा उके, शेजल मेश्राम, यशस्वी मेश्राम, रुचि माटे, लावण्या रामटेके, अदिति बंसोड़, अंजलि मेश्राम, मीना गौरे, इशिता वासनिक, निशा गजभिये, हर्षिता रामटेके, लक्षित गजभिये द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिला अध्यक्ष शंकर नंदेश्वर द्वारा सामाजिक प्रतिवेदन का वाचन कर विगत तीन वर्षों में बुद्घ विहार व समाज की गतिविधि में सहयोग करने वाले समाज जन को धन्यवाद दिया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि आदित्य बोधी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती केवल आयोजन करने से समाज व व्यक्ति का विकास नहीं होगा, जब हम बाबा साहेब के बताए मार्ग पर उनके मिशन को ध्यान में रखकर कार्य करें तो हम अपना विकास नहीं कर सकते हैं। बाबा साहेब ने विश्व का एक अद्भूत संविधान बनाकर भारत को एक नए युग में प्रवेश कराकर वे महान हो गए। उनके जैसा त्यागी सामाजिक चिंतक, अर्थशास्त्री विधि विशेषज्ञ कोई नहीं है और न कभी भविष्य में ऐसे महान व्यक्ति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को भारत के प्रत्येक नागरिकों को अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि पीजी बंसोड़, डॉ. एनके मंडपे द्वारा संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन संजय वासनिक द्वारा किया गया। मंच का संचालन बीपी मेश्राम ने किया। अंत में अतिथि गणों को प्रतीक चिन्ह देकर समाज द्वारा सम्मानित किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा जिला महासमुंद, सौकां रमाबाई अंबेडकर बौद्ध महिला मंडल एवं भीम युवा प्रकोष्ठ जिला महासमुंद के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भोरिंग में मनाई गई बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड के ग्राम भोरिंग (तुमगांव) में बाबा साहेब आंबेडकर की 133वीं जयंती जय भीम जन सेवा समिति व ग्रामवासियों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जय भीम सेवा समिति के संरक्षक राजू बाघमारे उपस्थित थे। उन्होंने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप जलाकर उनका स्मरण किया। साथ ही समिति के सदस्यों व ग्रामीणों ने केक काटकर बाबा साहेब के जन्म जयंती पर खुशी जाहिर की।

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर लागू होगी युवा न्याय योजना : विनोद



**महासमुंद**। पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार पर युवा विरोधी व श्रमिक विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 में सत्ता में आते ही हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा कर जुमलेबाज सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का कोई पहल नहीं किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार के विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत लगभग 30 लाख पद रिक्त हैं, वहीं वर्तमान मोदी राज में देश में बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है। 2014 के पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय केंद्रीय विभागों में भर्ती के लिए एसएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित तमाम भर्ती परीक्षाएं हर 3 महीने में आयोजित होती थीं, जो मोदी सरकार बनने के बाद से पिछले 10 सालों से लगभग बंद है।

## सुभाष नगर शक्ति केंद्र में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सुभाष नगर शक्ति केंद्र क्लब पारा वार्ड नंबर 26 में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत गोल्डी, विधानसभा सहसंयोजक संदीप दीवान, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सतपाल सिंह पाली मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष पवन पटेल, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, शहर मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पार्षद मनीष शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी लाल विजय प्रताप, संयोजक लक्ष्मी साहू, सहसंयोजक शुभ्रा शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, बूथ के अध्यक्षगण एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू साहू, अनुज पांडे, यतिन राव, अनिल सोनी, सुरेश साहू आदि मौजूद रहे।

## स्वीप खेल गतिविधियों के विजेताओं को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन में स्वीप मतदाता जागरुकता अभियान जिले में आयोजित किया जा रहा हैं। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में विभिन्न खेल गतिविधियां 6 से 7 अप्रैल एवं 13 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, लंगड़ी दौड़, संखली, बोरा दौड़, फ्रंट रोल, चम्मच बांटी दौड़, खो खो व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

जिले के बालक बालिका खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने आयोजन में मतदाताओं को जागरुक करने संदेश देते हुए नारे लगाए, दाई-ददा दूनों झन, मतदान करें बर भूलों झन। हम सब हैं देश की शान, चलो चले करें मतदान। चाहें नर हो या नारी, मतदान हैं सबकी जिम्मेदारी। शत प्रतिशत मतदान, महासमुंद का अभिमान। मत देना अपना अधिकार, बदले में न लो उपहार। चुनाव का पर्व है देश के लिए गर्व है, मतदान करना हम सबका कर्त्तव्य है। इसके साथ ही मतदान जरूर करें का संदेश दिया।

13 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह में जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक, जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। जिसमें बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विजेता जोशी, द्वितीय स्थान सुरेखा ध्रुव, तृतीय स्थान अनिशा मिंज, कुर्सी दौड़ में प्रथम नीरा देवांगन, द्वितीय सोनाली दीवान, तृतीय राधिका दीवान, गोला फेंक में प्रथम वर्षा सोनटके, द्वितीय प्रीति सबर, तृतीय कामिनी ध्रुव, बोरा दौड़ में प्रथम सुरेखा ध्रुव, द्वितीय प्रीति सबर, तृतीय पूर्णिमा धीवर, चम्मच बांटी दौड़ में प्रथम भुवनेश्वरी सोनकर, द्वितीय पदमिनी साहू, तृतीय प्रियांशु साहू, फ्रंट रोल में प्रथम प्रियांशु साहू, द्वितीय विजेता जोशी, तृतीय सोनाली दीवान, लंगड़ी दौड़ में प्रथम सुरेखा द्वितीय, प्रीति तृतीय राधिका व बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजेंद्र पटेल, द्वितीय श्यामचंद, तृतीय सागर यादव, बोरा दौड़ में प्रथम डगेंद्र रात्रे, द्वितीय राजेंद्र, तृतीय आर्य राज, गोला फेंक में प्रथम आर्य राज, द्वितीय प्रेम सिंह, तृतीय डगेंद्र रात्रे, चम्मच बांटी दौड़ में प्रथम हेमंत साहू, द्वितीय पूनम साहू, तृतीय इंद्रजीत, फ्रंट रोल में प्रथम राजेंद्र, द्वितीय डगेंद्र, तृतीय आर्य राज, लंगड़ी दौड़ में प्रथम अनमोल, द्वितीय राहुल, तृतीय इंद्रजीत को मिला। खो खो, कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से जिला पंजियक दीपक मंडावी, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनिल भोई, हिरेंद्र साहू, एवन साहू ने परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत किया। 26 अप्रैल को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने संदेश दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में टिकेश्वर,अभिषेक, उदय, सेवन दास, नीलम सिन्हा का सहयोग रहा। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## डीएमएस विद्यालय के स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्थानीय परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। घोषणा के अनुसार कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 56.6 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान चांदनी यादव 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लोकेश्वरी साहू 94 प्रतिशत, तृतीय स्थान जागृति निर्मलकर का 83 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वी ब का परीक्षा परिणाम 63.63 रहा, जिसमें प्रथम स्थान योगेश साहू ने 90.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तुलसी तारक ने 90.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान थानेश्वरी बांधे ने 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 9वी ए और बी दोनों के परीक्षा परिणाम को मिलाकर प्रथम स्थान चांदनी यादव, द्वितीय स्थान लोकेश्वरी साहू, तृतीय स्थान योगेश साहू का रहा।

कक्षा 11वी के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम के तहत प्रथम स्थान ललिता निषाद विज्ञान संकाय की 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान शैलेंद्र साहू वाणिज्य संकाय का 87 प्रतिशत, तृतीय स्थान दिनेश कुमार सिन्हा कला संकाय का 86.4 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 11वीं कला का परिणाम 85.29 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान दिनेश कुमार सिन्हा ने 86.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान साक्षी सबर ने 85.8 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अंजलि यादव ने 74.4 प्रतिशत अंक हासिल किया। 11वीं वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 88.80 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान शैलेंद्र साहू ने 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लता जलक्षत्री ने 77 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान मोना साहू ने 69.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान ललिता निषाद 87.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान ममता निषाद 85.5 प्रतिशत, तृतीय स्थान नागेश्वर साहू का 84.5 प्रतिशत अंक रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्व परीक्षा प्रभारी स्थानीय प्रीति यादव ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही अनुत्तीर्ण या पूरक आने पर निराश न होकर पुनः अच्छे से पढ़ाई करने की बात कही। शाला का परीक्षा परिणाम प्राचार्य केके शुक्ला के द्वारा जारी किया गया एवं उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगामी वर्ष में और अच्छे मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर संस्था, शहर और जिला तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम को मानिक लाल साहू ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता रिखी राम साहू ने किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्य जगदीश लाल साहू, गायत्री पटेल, सोम प्रकाश साहू, दीपेंद्र भोई, आशालता सिन्हा, रिचा साहू, आरती साहू, हर्षिता चंद्राकर, नेहा गुप्ता, प्रिया देवांगन, प्रज्ञा पांडे, जितेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिरेंद्र कुमार साहू ने किया।



## व्यय प्रेक्षक दबास ने चेक पोस्ट रेहटीखोल एवं खम्हारपाली का किया निरीक्षण

**महासमुंद**। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रेक्षकों द्वारा लगातार चेक पोस्ट, मतदान केन्द्रों आदि का निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को महासमुंद लोकसभा क्रमांक 09 के महासमुंद, खल्लारी, बसना एवं सरायपाली के व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास द्वारा अंतरराज्यीय सीमा रेहटीखोल एवं खम्हारपाली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने एसएसटी टीम को कड़ाई से जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने टीमों को 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अब्दुल वहीद खान लाइजनिंग अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद, ओंकारेश्वर सिंह एसडीएम सरायपाली, वर्मा तहसीलदार सरायपाली मौजूद थे।

## सनातन धर्म व देश विरोधी पार्टी बनकर रह गई है कांग्रेस: देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार सनातन धर्म का अपमान, हिंदू विरोधी गतिविधियों तथा भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने से नाराज व उपेक्षित कांग्रेस नेता आज भाजपा का दामन थाम रहे हैं। कांग्रेस के कई नेता ऐसे हैं, जो अपने धर्म व देश से प्रेम करते हैं। ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में कोई सम्मान नहीं दिया जा रहा। कांग्रेस का विचारधारा हिंदू विरोधी व सनातन धर्म तथा देश विरोधी है। इसलिए, जो इस देश से प्रेम करते हैं। ऐसे कांग्रेसी भाजपा का दामन थाम रहे हैं।

चंद्राकर ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी केवल देश विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों का पार्टी बनकर रह गया है। कांग्रेस ने सदैव भाजपा द्वारा लिए गए देश हित के निर्णयों का विरोध किया। प्रधानमंत्री के 10 सालों के कार्यकाल में देश विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा है। इन 10 सालों के कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर लगातार शिकंजा कसा गया। आज भ्रष्टाचारी जेल में है, उन्हें बेल तक नहीं मिल रही। केंद्र सरकार के 10 सालों के कार्यकाल में कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। ईमानदार और स्थिर सरकार के कारण भारत का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है।



## परसकोल में मनाई गई अंबेडकर की जयंती

**महासमुंद**। ग्राम परसकोल में संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर तक पहुंचने के लिए सीढ़ी की जरूरत पड़ती है और यह सीढ़ी शिक्षा की है। इसलिए बच्चों को खूब पढ़ाए। इस अवसर पर एसपी ध्रुव, एमएल ध्रुव, यशवत ठाकुर, विजय बंजारे, दिनेश बंजारे, रेखराम बघेल, तुलेंद्र सागर, अनिल ढीढी, देवेंद्र मिर्चे, नूतन कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

## बागबाहरा के पिथौरा चौक में मनाई गई अंबेडकर की जयंती



बागबाहरा। नगर में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर के पिथौरा चौक में आयोजित इस अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में सांसद प्रत्याशी एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने शिरकत की। इस दौरान संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष बाबा भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए हमारे देश के संविधान निर्माण में बाबा भीमराव अंबेडकर की योगदान का स्मरण किया। साथ ही संत रविदास के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## संविधानशिल्पी आंबेडकर को आस्था ने किया नमन, सामाजिक समरसता पर हुई परिचर्चा

**महासमुंद**। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा डॉ. अंबेडकर और सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समरसता विषय पर पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद केआर चंद्राकर के निवास पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक समानता के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता के बिना आर्थिक, राजनीतिक, बौद्धिक समानता नहीं आएगी। आस्था साहित्य समिति अध्यक्ष साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि समता स्वतंत्रता बंधुत्व व न्याय के स्तंभों पर आधारित हमारा संविधान सबसे बड़ा धर्मग्रंथ है। डॉ. अंबेडकर सच्चे अर्थों में महान राष्ट्र नायक थे। उन्होंने जातिवाद, अशिक्षा, अंध विश्वास और रुढ़िवादिता का प्रखर विरोध कर राष्ट्रीय एकता और सद्भावों को नई दिशाएं दी। वे सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर थे। इस अवसर पर साहित्यकार एसआर बंजारे, बंधु राजेश्वर खरे, उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन, कमलेश पांडेय, केआर चंद्राकर, राधेश्याम सोनी ने विचार रखते हुए कहा कि मंजिल पर टिके रहना यह ताकत हमें बाबा साहेब ने संविधान के रुप में दी। बाबा साहेब समाज के वर्ण व्यवस्था जाति प्रथा व अस्पृश्यता का पुरजोर विरोध किया। सभी ने उन्हें अवतारी पुरुष निरुपित करते हुए एक स्वर में कहा कि बाबा साहब का सामाजिक न्याय का विचार समाज में आत्मबल व चेतना जागृत करता है। भारत के संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर का संविधान विश्व के संविधान का हृदय है। परिचर्चा के शुभारंभ में राधेश्याम सोनी द्वारा सामाजिक समरसता पर गीत प्रस्तुत किया गया। साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने परिचर्चा का संचालन करते हुए कहा कि जिन्दगी में जीत और हार हमारी सोच बनाती है जो मान लेता है वह हार जाता है और जो ठान लेता है वह जीत जाता है। यही डॉ. भीमराव अंबेडकर का संदेश है। परिचर्चा के दौरान तिलक चंद्राकर, प्रभा चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर सहित साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन के लिए शिक्षाविद केआर चंद्राकर ने आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उपस्थित सोसाइटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम 17 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें शाम 5 बजे वटेश्वर महादेव मंदिर स्थल पर समस्त कॉलोनीवासी एकत्रित होंगे। वहां से श्रीराम की शोभायात्रा प्रारंभ होकर कॉलोनी भ्रमण करेगी। भ्रमण के बाद गार्डन में 6 से 7 तक श्रीराम जन्म प्रसंग का कथावचन होगा। इसके बाद 7 से 8 बजे तक भगवान की आरती के बाद प्रसाद गो-दुग्ध से निर्मित खीर का वितरण कर समापन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समस्त कॉलोनीवासी, बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की अगवाई में लोकसभा चुनाव को लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम टेकारी में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गांव की गलियों में मतदान जागरूकता के स्लोगन के साथ सभी स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से लोकसभा चुनाव में अपना मत देने की अपील की तथा मताधिकार के बारे में बताया गया। हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व मतदान संबंधी नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी मनोज वर्मा, देववती पुरी, ओमकार पाठक एवं सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सट्टा संचालित करते चार सटोरिए गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चार अलग-अलग स्थानों में छापे की कार्रवाई करते हुए चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 58 हजार रुपए नकदी के साथ सट्टा लेन-देन के दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार सट्टा संचालित करने के आरोप में संजय कुमार गोंड, राजेंद्र बंजारे, अमित घृतलहरे, चंद्रकुमार दासवानी को गिरफ्तार किया गया है।

### पूर्व पत्नी ने सौतन से की मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पूर्व पत्नी के खिलाफ अपने वर्तमान पत्नी के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मोवा निवासी रवि चौहान ने ममता चौहान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने उसकी पूर्व पत्नी ने वर्तमान पत्नी के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

# प्रदेश में 10 से 20 लाख तक की एसयूवी कारों का क्रेज टॉप गियर पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

- बाजार पर 50 फीसदी कब्जा एसयूवी कारों का

अपने प्रदेश में भी अब 10 से 20 लाख तक की एसयूवी कारों का क्रेज टॉप गियर में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल बाजार में 50 फीसदी कब्जा एसयूवी कारों का हो गया है। इसी के साथ 5 से 8 लाख तक के बजट वाली कारों का बाजार अब सिमटकर 50 फीसदी से कम पर आ गया है। पहले कम बजट वाली कारों का बाजार ज्यादा था।

एसयूवी के साथ कम बजट वाली कारों में सबसे ज्यादा डिमांड मारुति सुजुकी के मॉडल्स की है। बीते साल इस कंपनी के 25 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिके थे। दूसरी कोई भी कंपनी इतने ज्यादा वाहन नहीं बेच सकी है। वैसे मारुति के बाद सबसे ज्यादा टाटा, हुंडई, महिंद्रा, टोयोटा और किया के मॉडल पसंद किए जा रहे हैं। आज का जमाना एसयूवी कारों का है। इन कारों में सबसे ज्यादा अच्छे फीचर होने के कारण खासकर युवा वर्ग में एसयूवी मॉडल पसंद किए जा रहे हैं।

जहां अमीर वर्ग 50 लाख से लेकर एक से डेढ़ करोड़ तक के मॉडल्स पसंद करते हैं, वहीं मध्यम वर्ग की पसंद एसयूवी के 10 से 20 लाख वाले मॉडल्स हैं। वैसे एसयूवी कारों की शुरुआती कीमत 7 से 8 लाख से प्रारंभ हो जाती है, लेकिन कम कीमत वाले वाहनों में कुछ फीचर्स कम होते हैं।

### टाटा-हुंडई के मॉडल्स का भी क्रेज

मारुति के बाद टाटा और हुंडई के मॉडल्स बहुत पसंद किए जा रहे हैं। टाटा की एसयूवी में सबसे ज्यादा क्रेज 8 से 10 लाख कीमत वाली नेक्सन कार का है। इसी के साथ दूसरे मॉडल्स भी हैं, जिनकी कीमत 6 से 27 लाख तक है। टाटा की सफारी की कीमत 17 से 28 लाख तक है। इस कंपनी के बीते साल करीब आठ हजार वाहन बिके थे। हुंडई की क्रेटा का बड़ा क्रेज है। इसकी कीमत 11 से 20 लाख है। इसी के साथ एक्सटर की कीमत 10 से 11 लाख, वेन्यू की कीमत 8 से 14 और अल्काजार की कीमत 17 से 21 लाख है। इस कंपनी के भी बीते साल करीब आठ हजार वाहन बिके हैं। नए साल में इस कंपनी के वाहन बिक रहे हैं। जनवरी से मार्च की पहली तिमाही में करीब दो हजार वाहन बिक गए हैं।



### किया की कारें भी बिक रहीं हर माह दो सौ

एसयूवी मॉडल्स में किया कंपनी की कारों का भी क्रेज बढ़ते जा रहा है। इस कंपनी की हर माह छत्तीसगढ़ में दो सौ से ज्यादा कारें बिक रही हैं। बीते साल कंपनी की करीब तीन हजार कारें बिकी थीं। इस कंपनी के मॉडल्स में 11 से 21 लाख वाली सेल्टोस और 8 से 15 लाख वाली सोनेटे एसयूवी कारें हैं।

*महिंद्रा की थार पहली पसंद : एसयूवी वाहनों में महिंद्रा एंड महिंद्रा की थार जीप का सबसे ज्यादा क्रेज है। इसकी एक समय सबसे ज्यादा सालभर की वेटिंग थी, लेकिन अब इसकी वेटिंग तीन माह पर आ गई है। इसी के साथ इस कंपनी की एक्सयूवी 700 जो 14 से 27 लाख ही है, बोलेरो और स्कॉर्पियो का भी बड़ा क्रेज है। इस कंपनी के बीते साल अब तक सात हजार से ज्यादा वाहन बिके हैं।*

### सबसे ज्यादा मारुति के मॉडल बिक रहे

अपने प्रदेश में सबसे ज्यादा कारोबार मारुति सुजुकी का हो रहा है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक बीते साल मारुति के अलग-अलग मॉडलों को मिलाकर 25 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिके हैं। इस कंपनी के हर माह दो हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। मारुति में एसयूवी के मॉडलों की बात करें तो मारुति ब्रेजा 9 से 14 लाख, फ्रांक्स 8 से 13 लाख, ग्रैंड विटारा 11 से 20 लाख और जिन्मी जीप 13 से 15 लाख की है। इसी के साथ कम कीमत वाले मॉडल्स में ऑल्टो 800, वैगनआर जैसे मॉडल हैं। नए साल की पहली तिमाही में इस कंपनी के पांच हजार से ज्यादा वाहन बिक गए हैं।

## पानी सप्लाई पर नजर रखने अब तक नहीं बना कमांड सेंटर

# होली मनाने गए मजदूर नवरात्रि तक नहीं लौटे, 15 वार्डों में सुस्त पड़ी 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

होली मनाने घर गए मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल के मजदूर अब तक काम पर नहीं लौटे हैं। इससे शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने काम पिछड़ गया है। गोलबाजार, जोरापारा और मोमिनपारा के 50 फीसदी हिस्से में पाइपलाइन नहीं बिछ पाई है। वहीं 18 हजार घरों में वाटर मीटर लगाने का काम अटका पड़ा है, शुरुआत में मात्र 2 हजार घरों में ही पानी की खपत मापने स्वचालित वाटर मीटर लगा पाए। स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हुई 130 करोड़ की अहम योजना का लाभ 3 साल बाद भी शहरवासियों को नहीं मिल पाया है।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के एबीडी एरिया में शामिल 15 वार्डों के 1.50 लाख से अधिक आबादी 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कंपनी को 130 करोड़ में ठेका दिया गया। अनुबंधित एजेंसी को शहर की मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए चिन्हांकित 15 वार्डों में 170 किमी. नई पाइपलाइन बिछानी थी, जिसमें संबंधित एजेंसी ने अब तक 159 किमी. दायरे की पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा किया है। अभी भी 13 किमी. क्षेत्र में नई पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी है।

**गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा के आधे हिस्से में पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी**



### इन इलाकों में पाइप-लाइन का काम अधूरा

गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा ऐसे इलाके हैं, जहां 24 घंटे पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा ही हो पाया है। इन इलाकों में नई पाइपलाइन बिछाने का 50 फीसदी काम अभी बाकी है। जबकि गोलबाजार व्यावसायिक क्षेत्र होने के साथ ही शहर का सबसे भीड़भाड़ वाला इलाका है, जहां रात्रि के समय सड़क खोदकर पाइपलाइन डालनी पड़ती है। मैनपॉवर की कमी के चलते यह काम अटका पड़ा है।

### इन वार्डों में सुबह से रात तक मिलेगा भरपूर पानी

अफसरों के मुताबिक पाइपलाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। इससे आने वाले दिनों में वीर सावरकर वार्ड, पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, ब्राह्मणपारा वार्ड, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, सिविल लाइंस, बाबू जगजीवन राम वार्ड, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड और महामाया मंदिर वार्ड में सुबह से लेकर रात तक भरपूर पानी मिलने लगेगा।



### 80 फीसदी काम, बाकी जून तक करेंगे पूरा

13 किमी. क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी है। नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के दौरान पुरानी बस्ती इलाके में लीकेज के चलते नई फिटिंग अरेंज करने में समय लगा। वर्तमान में 120 से 130 वाटर मीटर प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। मैनपॉवर बढ़ते ही रोजाना 250 वाटर मीटर लगा पाएंगे। 80 फीसदी काम पूरा हो गया है, बाकी 20 फीसदी काम जून तक पूरा कर लेंगे।

- **अमित मिश्रा,** प्रोजेक्ट प्रभारी, 24 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, आरएससीएल

### टेस्टिंग का काम धीमा कमांड सेंटर भी नहीं बना

नई पाइपलाइन की टेस्टिंग का काम अब तक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। सूत्रों के मुताबिक शहर के पुरानी बस्ती, ब्राह्मणपारा इलाके में पिछले दिनों पाइपलाइन टेस्टिंग के दौरान लीकेज के कारण दूसरी फिटिंग की व्यवस्था कराने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को महीनेभर इंतजार करना पड़ा। वर्तमान में रमन मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में पाइपलाइन टेस्टिंग का काम चल रहा है। जबकि शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड, तात्यापारा वार्ड में अब तक पाइपलाइन टेस्टिंग शुरू नहीं हो पाई है। टेस्टिंग के बाद 24 घंटे पानी सप्लाई पर नजर रखने भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में कमांड सेंटर बनना है, जिसका काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इस सेंटर से पानी के फ्लो के साथ क्वालिटी की निगरानी भी होनी है।

# खत्म नहीं हुआ रिएजेंट्स का इंतजार, आंबेडकर अस्पताल में कई जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- आरएफटी-एलएफटी नहीं, सीबीसी टेस्ट मैनुअली

विभिन्न तरह की बायोकेमेस्ट्री और पैथालॉजी जांच पुनः रिएजेंट्स के इंतजार में अटक गई है। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की आरएफटी-एलएफटी सहित कई जांच पूरी नहीं हो पा रही है। रक्त संबंधी पूर्ण जांच वाली सीबीसी भी मैनुअली करनी पड़ रही है। रिएजेंट्स की नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में आने वाले मरीजों का मर्ज पकड़ने होने वाली विभिन्न तरह की जांच पूरी नहीं हो पा रही है। इसके लिए सैंपल या तो जिला अस्पताल के हमर लैब भेजा जा रहा है अथवा मरीज निजी लैब में जाकर पैसे खर्च कर रहा है। सूत्रों के अनुसार काफी डिमांड के बाद भेजे जाने वाले रिएजेंट्स कुछ दिन ही राहत दे पाते हैं। पिछले कुछ समय से यह समस्या पुनः आन खड़ी हुई है और मरीजों की जांच प्रभावित होने लगी है। सूत्रों के अनुसार किसी भी तरह की बीमारी का पता लगाने के लिए एलएफटी-आरएफटी टेस्ट कराया जाता है, जिसकी सुविधा फिलहाल आंबेडकर अस्पताल में नहीं है। इसके लिए सैंपल हमर लैब भेजा जा रहा है। इसी तरह रक्त संबंधित परेशानियों का पता लगाने किया जाने वाला सीबीसी टेस्ट भी मैनुअली तरीके से पूरी किया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम के मुताबिक कुछ जांच नहीं हो पा रही है, मगर इसका अधिक असर उपचार व्यवस्था पर नहीं पड़ रहा है। सैंपलों को जांच के लिए हमर लैब के माध्यम से पूरा कराया जा रहा है। संबंधित विभाग से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि रिएजेंट्स की डिमांड सीजीएमएससी को कालेज प्रबंधन और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से जाती है। उनकी ओर से की जाने वाली सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं होती, जिसकी वजह से जांच व्यवस्था प्रभावित हो जाती है।

# अनोखा प्रदर्शन, महंगाई पर दिखाया पीएम मोदी-बीजेपी का जादुई पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अनोखा प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने पुरानी बस्ती में आम जनता को मोदी-बीजेपी का जादुई पिटारा दिखाया और पुरानी बस्ती के शीतला मंदिर मार्केट के पास कांग्रेस ने प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक जादुई पिटारा आम जनता के सामने रखा था, इसमें से एक-एक करके महंगे हो चुके खाद्य पदार्थ निकल रहे थे।

पिटारे से 1100 का सिलेंडर, 190 रुपए का खाने का तेल, 45 रुपए किलो शक्कर, 60 रुपए किलो चावल, 50 रुपए किलो आटा निकालकर आम जनता को दिखाया गया। बैनर-पोस्टर के माध्यम से कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय इन सभी के दामों और भाजपा सरकार के समय बढ़े हुए इन दामों के अंतर को प्रदर्शित किया गया। मोदी-भाजपा के पिटारे को देखने आए लोगों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। इस प्रदर्शन में उषा रंजन श्रीवास्तव, ममता राय, गंगा यादव, आशा चौहान, सचिन शर्मा, सत्यनारायण नायक, नागेंद्र वोरा, मनोज सोनकर, रवि शर्मा, रामधनी सोनी, लक्ष्मी नायडू, सायरा बानो, पद्मिनी ढीमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### विकास ने किया जनसंपर्क

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने रविवार को रायपुर ग्रामीण विधानसभा का दौरा किया। अछोली, बिरगांव, उरकुरा, रावांभाठा पहुंचकर सभाएं लीं। श्री उपाध्याय ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में 8333 रुपए दिए जाएंगे, युवाओं के लिए 30 लाख नौकरियों की भर्ती निकाली जाएगी। साथ ही श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि की जाएगी। इस दौरान पंकज शर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, योगेंद्र सोलंकी, कृपाराम निषाद, जीत सिंह, कमलेश मिश्रा, बसंत साहू, प्रीतराम साहू, लखन साहू, दीनू निषाद, धन्नू बंदे, बाबूलाल कुर्रे, ईश्वर बंजारे, टिकेंद्र सिन्हा, जिया फारुकी, रानी गोस्वामी, शांति वर्मा, इकराम अहमद, रियाज, फिरोज, बसंत सेन, रुक्मिणी सिन्हा, रितेश सिन्हा, अविनाश निहाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किडनी के इलाज का बड़ा सेटअप डीकेएस में, ट्रांसप्लांट की योजना अभी भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एकमात्र डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में किडनी की बीमारी के इलाज के लिए बड़ा सेटअप है, मगर यहां प्रत्यारोपण की सुविधा अब तक शुरू नहीं हो सकी है। छह करोड़ की उपकरण खरीदी का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। इस बीमारी से पीड़ित ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे हैं, जहां इलाज के लिए उन्हें बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है। डीकेएस में जब सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई, तो यहां किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए प्रयास भी शुरू किया गया था और अंग प्रत्यारोपण एक्ट का मसौदा तैयार किया गया था। राज्य के विभिन्न निजी अस्पताल में यह इसकी सुविधा शुरू हो गई, मगर डीके अस्पताल पिछड़ता चला गया। चिकित्सकों के अनुसार डीके अस्पताल में किडनी संबंधित बीमारियों के इलाज का बड़ा सेटअप है। यहां मरीजों की डायलिसिस के लिए सबसे अधिक मशीन है चिकित्सक और अन्य स्टाफ भी यहां पर्याप्त संख्या में हैं, इसके बाद भी प्रत्यारोपण की सुविधा के मामले में यह अस्पताल सबसे पीछे है। जरूरतों के हिसाब से यहां उपकरण जुटाने के लिए शासन को प्रस्ताव काफी बार भेजा जा चुका है, मगर इस पर अब तक किसी तरह की स्वीकृति नहीं दी गई है।

# सीने में जलवाई ज्योति, नौ दिन तक माता की भक्ति में लीन

## नवरात्रि में मां के प्रति अटूट श्रद्धा, शक्ति की भक्ति में लीन श्रद्धालु को देखने रोज पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ग्राम अछरीडीह नयापारा के मां चंडी मंदिर में मां काली के भक्त टोहल निषाद द्वारा नवरात्र में मां के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ हृदय स्थल पर जंवारा के साथ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। नवरात्र में आस्था के कई रूप देखने को मिलते है। चैत्र पक्ष में घर से मंदिर भक्त कई मिल पैदल सफर करते है तो कोई जमीन से लेटते हुए आराधना करते हैं। वहीं एक ऐसा भक्त जो तीन सालों से नवरात्रि में 9 दिन तक यह कठोर तप कर रहे हैं। टोहल निषाद ने बताया कि नौ दिन तक निर्जला रहते है। और मानव कल्याण के लिए साधना करते है। साथ ही धरती पर मौजूद हर प्राणियों के कल्याण के लिए लिए वह यह तप कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आस्था से शक्ति मिलती है। यह मां दुर्गा का ही आशीर्वाद है कि उन्हें इस तप से शक्ति मिलती है। आचार्य मैथलीशरण ठाकुर ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष से मां चंडी मंदिर में टोहल निषाद अपने सीने में ज्योत जंवारा प्रज्ज्वलित करते आ रहे है।



# जवाहर बाजार के तीसरे माले पर 3 हॉल से नगर निगम को मिलेगा 4 करोड़ 3 लाख का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- 30 साल की लीज, साल में 2 फीसदी किराया देय
- 10 हॉल के लिये 9वीं बार आनलाइन टेंडर



मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के तीसरे माले पर बनाये गये 3 हॉल से नगर निगम को 4 करोड़ 3 लाख का राजस्व मिलेगा। आनलाइन टेंडर में 13 हॉल में से 3 हॉल को रिस्पांस मिला है। इनमें से हॉल नंबर 1 के लिए 1 करोड़ 35 लाख, हॉल नंबर 3 के लिये 1 करोड़ 33 लाख और 8 नंबर के हॉल के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपये रेट आया, जबकि इसका आफसेट रेट 1 लाख 31 हजार रुपये रखा गया था। 30 साल की लीज पर दिये गये हॉल पर साल में 2 फीसदी किराया भी देय होगा।

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित नवनिर्मित जवाहरबाजार व्यावसायिक परिसर में 4 साल से खाली पड़े 13 हॉल में से 3 हॉल को 8 बार टेंडर के बाद लीज पर लेने लोगों ने रुचि दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक जवाहर बाजार में व्यवस्थापन के तहत 69 दुकानें जवाहर बाजार के व्यापारियों को आवंटित की गई हैं। इसके साथ ही शोरूम व अन्य व्यावसायिक प्रयोजन को ध्यान में रखकर 13 बड़े आकार के हॉल तीसरे माले में बनाये गये हैं। रेट ज्यादा होने के कारण पिछले 4 साल से दर्जनभर से ज्यादा हॉल उठ नहीं पाए। नगर निगम के बाजार विभाग द्वारा इसके लिये 8 बार ऑनलाइन टेंडर भी किया गया, पर बड़े आकार के हॉल को लीज पर लेने एक भी बड़ी कंपनी या व्यावसायिक प्रतिष्ठान ने दिलचस्पी नहीं ली। 9वीं बार हुये टेंडर में 3 हॉल को स्थानीय व्यापारियों ने 30 साल की लीज पर लिया है। इसके लिये उन्हें 2 फीसदी सालाना किराया भी देना होगा।

### 10 हॉल खाली, चुनाव के बाद टेंडर

सूत्रों के मुताबिक जवाहर बाजार में 4 साल से खाली पड़े 10 हॉल को 30 साल की लीज पर देने लोकसभा चुनाव के बाद ऑन लाइन टेंडर होगा। शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जवाहर बाजार में दुकानों की डिमांड हॉल की अपेक्षा ज्यादा है। वहां के व्यापारियों ने निगम प्रशासन से दुकानों की डिमांड भी की है।

# विपक्षी दलों के पास देश के लिए कोई विज़न नहीं

न्यूज ▸▸| महासमुंद



छग प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास न ही संगठनात्मक ढांचा है और न ही नेता है। उनके पास आने वाले भारत के लिए विजन भी नहीं है। जबकि, भाजपा के संकल्प पत्र में भारत को आने वाले 25 वर्षों में विकसित राष्ट्र की श्रेणी में ले जाने के लिए मोदी जैसा दूरदर्शी सोच वाला नेता और विजन तैयार कर लिया गया है।

केबिनेट मंत्री श्री चौधरी ने आगे बताया कि भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी है, जो पूरे होने की फूल गारंटी है। मोदी की गारंटी पर देश सहित पूरा विश्व भरोसा करता है। संकल्प पत्र में में गरीब, अन्नदाता किसान, युवा, महिला, वंचित वर्ग, व्यापारी, उद्योग और मैनुफैक्चरिंग पर जोर दिया गया है। गरीबों के लिए बीते 10 वर्षो में 4 करोड़ आवास बनाए गए और आने वाले 5 वर्षो में 3 करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। कोराना काल से प्रति परिवार 5 किलो चावल मुफ्त देने की योजना को वर्ष 2029 तक बढ़ा दिया गया है। नारी सशक्तिकरण के लिए देश में एक करोड़ लखपति दीदीयां बनाई गई, जिसे बढ़ाकर 3 करोड़ तक किया जाएगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

राजस्व प्रकरण क्रमांक / 202402210200212 / अ / 2 वर्ष 2023-24
ग्राम ओडान प.ह.नं. 36 तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण जनता ग्राम ओडान तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामस्वरूप पिता तिलकराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम ओडान तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम ओडान प.ह.नं. 36 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं 770/2 रकबा 0.203 हे भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (पोल्ट्री फॉर्म) के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-01, पी-02 खसरा नक्शा ब्लू-प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन (पोल्ट्री फॉर्म) हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा / आपत्तियां यदि कोई हो तो वे दिनांक 06.05.2024 को मेरे न्यायालय में

स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 28/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

## खबर संक्षेप



### नवरात्रि पर प्रधानपाठक ने आयोजित किया न्योता भोज कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** सेम्हराडीह संकुल समन्वयक के अंतर्गत प्राथमिक शाला पिपराही में प्रधान पाठक मोहितराम वर्मा द्वारा जय हो शक्ति, भगवती, रसवती, सरस्वती मध्यान्ह भोजन संचालन कर्ता स्व सहायता समूह के श्रम शक्ति और शाला परिवार के विशेष संबल एवं सहयोग से नवरात्रि पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोहितराम वर्मा शिक्षक, रामकुमार वर्मा, खिलेन्द्र वर्मा, ढ़नढ़नी के शिक्षक बालाराम ध्रुव, नारायण प्रसाद ध्रुव, पूर्व सरपंच मुरारी वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारा वर्मा, सहायिका धनमत चतुर्वेदी, मध्यान्ह भोजन संचालन समुह की पुष्पा वर्मा, प्रीति तिवारी, नीरा वर्मा, प्रमिला यादव विश्वासा वर्मा, राजमति वर्मा, सतरूपा वर्मा आदि मौजूद थे।

### ईल्दा में भागवत कथा जारी



**खरोरा।** ग्राम ईल्दा में चैत्र नवरात्रि पर 9 से 17 अप्रैल रामनवमी तक देवी भागवत पुराण कथा आ आयोजन जारी है। इसमें कथाकार चंद्ररेश पांडेय ने छठवे दिन गंगा अवतरण की कथा सुनाई। उन्होंने गंगाजी की कथा को कलयुग के प्राणी के लिए मोक्ष का द्वार बताया। उन्होंने कहा ज्यादा कलयुग बढ़ जायेगा तो गंगा पुनः स्वर्ग की ओर प्रस्थान होगी। कथा का राशासुवाद्न समस्त ग्रामवासी को करवाया एवं तुलसी विवाह का आकर्षक झांकी द्वारा आचार्य देवी महिमा का वर्णन किया एवं सत्यवर्ती राजाहरिशचंद्र का कथा का रसास्वादन समस्त ग्रामवासी को करवाया।

### 9वीं व11वीं का परीणाम जारी

**बंगोली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली में 15



अप्रेल को कक्षा 9 एवं 11 वीं की परीक्षा परीणाम घोषित किया गया। कक्षा 11वीं में अंशु नायक पिता रामगोपाल नायक माता कौशिल्या नायक ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है।

### एक किमी दूर से ला रहे डोंगरीपाली के ग्रामीण पेयजल

**महासमुंद।** गर्मी बढ़ते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है। गर्मी आते ही बोर, हेंडपंप का जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को कई किमी पैदल चलकर पेयजल लाना पड़ रहा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत मामा भांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली का है, जहां के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचकर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पहुंचे। ग्राम डोंगरीपाली के लेखराम, नीलकंठ, प्रतापसिंह, महेन्द, राम्हीन, पप्पु, विमला, सोनिया आदि ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि गर्मी बढ़ते ही गांव में पीने की पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव में लगे हैंडपंप भी खराब हो चुका है। पीने की पानी के लिए एक किलो मीटर दूर जाना पड़ रहा है।




**जयंती : जवाहर नवोदय विद्यालय-लवन में आम्बेडकर का किया यशोगान**

# डॉ. आंबेडकर ने जीवन भर दलित एवं पिछड़े समुदाय की समानता के लिए संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा




जवाहर नवोदय विद्यालय-लवन में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 9वीं की छात्र सिमरन बांधे ने डॉ. आम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये संघर्षों के बारे में ओजस्वीपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया।[

विद्यालय के इतिहास के शिक्षक सत्येंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमें कठिन परिस्थितियों में भी किसी भी चुनौती का सामना करना है, तो हमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। कार्यकम में विद्यालय के गणित के शिक्षक कृष्ण कुमार ने सायराना अंदाज में डॉ. भीमराव आम्बेडकर को भारतीय संविधान का जनक बताते हुए उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य बी. गिरिजा ने कहा कि डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने जीवन भर दलित एवं पिछड़े समुदाय के लोगों के समानता के लिए संघर्ष किया एवं शिक्षा को सबसे अधिक शक्तिशाली बताया। इसलिए हमें उनके जन्मदिन पर संकल्प लेकर उनके बताए हुए आदर्शों का पालन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में मंच संचालन राजेंद्र सिका ग्रंथपाल द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### सतनामी समाज ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

**कसडोल।** सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की 134वीं जयंती कसडोल नगर के बस स्टैंड में रविवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा सर्व प्रथम डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माला अर्पण किया। इसके बाद केक काटकर जन्मदिन मनाया। साथ ही बाबा साहब डॉ. भीम राव आम्बेडकर का प्रस्तावना का भी वाचन किया। जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. सुरेन्द्र दिव्याकार, अध्यक्षता डॉ. पन्ना लाल टंडन, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सुरेश पैकरा, सुकलाल बंजारे, गोपी राम जाटव, बलराम डहरिया, पीके घृतलहरे, मोहरसाय अजय, विनोद चेलक, नंद कुमार पैकरा, जयलाल पैकरा, नरेंद्र , बीरेंद्र चेलक, मनोज जाटवार, सुनील चेलक, राजकुमार महिलांगे, मंदिर घृतलहरे, किशन गायकवाड़, दिनू राम घृतलहरे, जय नवरंगे, अमर दास महिलांगे, भूपेंद्र चेलक, योगेंद्र बंजारे, हेमंत घृतलहरे, युबास घनश्याम अजय सहित भारी संख्या में बहुजन समाज के लोग मौजूद रहे।





## जयंती पर संविधान के प्रस्तावना का हुआ सामूहिक वाचन

**पलारी।** संविधान निर्माता प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर की 133 जयंती नगर में धुमधाम से मनाई गई। अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी अधिकारी एवं समाजिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य आयोजन किया गया था। डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा स्थल को नीले रंग के ध्वज से सजाया गया था। 11 बजे सतनाम भवन पलारी से बाइक रैली निकाली गई, जो साईं मंदिर, रेस्टहाउस,हास्पिटल से बाजार चौक होते हुए गांधी चौक शितला चौक सतनाम चौक से थाना होते हुए बलौदा बाजार रोड 15 नंबर वार्ड से बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा स्थल पहुंचे। बाइक रैली में बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा साहब का नाम रहेगा, भारतीय संविधान जिन्दाबाद, संविधान की रक्षा कौन करेगा कौन करेगा के गंगन भेदी नारे लगाए। आम्बेडकर प्रतिमा में सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर जयंती पर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात प्रतिमा के समक्ष संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। दोपहर दो बजे से सतनाम भवन पलारी में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे, ब्लाक अध्यक्ष ललित घृतलहरे, नेमूसोनवानी, जसनारायण गायकवाड़, टेकराम कुर्रे, वावेल राबर्ट,सेवक भतपहरी, हरीश गेन्ड्रे तुलसी ढीढी, महेश ढीढी, संतोष कोशले, एम मनहर ने




अम्बेडकर साहब के जीवन संघर्षों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग चलने का आह्वान किया। रैली में ललित घृतलहरे, नेमू सोनवानी, जसनारायण गायकवाड़, टेकराम कुर्रे, मोहन बंजारे, सुखनंदन बघेल, एम मनहर, बसंत जांगड़े, महेश बारले कामता जांगड़े, गुलशन गायकवाड़, महेश ढीढी ओमप्रकाश खुंटे, हरीश गेन्ड्रे, नेमसिंह बांधे, ललित गायकवाड़, परस बंजारे, विश्वनाथ मांडले दिलिप आडिल, थानसेन कुर्रे, बीरचंद मांडले, दिलिप बरतामसी, दिनेश राय, दुर्गा जांगड़े, संतराम सोनवानी, अनिल आडिल पुनाराम मार्कण्डेय, पंचराम बघेल, पुरषोत्तम बघेल सहित बड़ी संख्या में युवक उपस्थित थे। नरेश बंजारे एवं उनके साथी कलाकारों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### बुजुर्गों का हुआ सम्मान



**बगबुड़ा।** डॉ.भीमराव आंबेडकर सेवा संस्थान कानाकोट द्वारा बाबा साहेब डॉ. आम्बेडकर की जन्म जयंती समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मनाई गई। अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के आदम कद प्रतिमा की पूजा अर्चना कर मोमबत्ती जलाकर माल्या अर्पण कर बाबा को याद किया। प्राथमिक शाला कानाकोट के वर्तमान और पूर्व छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, उसके पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट के प्रधानपाठक भूमिता कुर्रे, सहायक शिक्षक सुनीता साहू, संध्या पैकरा, मनीराम पैकरा, कान्हा साहू को चांदी का मेडल, शाल श्रीफल, बुके भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही गांव के बुजुर्गों लैनदास भारती, कारीबाई पैकरा शासकीय सेवारत शिक्षक लोचन बांधे, कृपाल ध्रुव, सचिव सरोज कुर्रे, रोजगार सहायक चुम्मन बंजारे, सेवानिवृत प्रधान पाठक अंगद राम ध्रुव, अगरदास बंजारे, वकील उपसरपंच चौनदास बांधे, पंच कमलकांत मनहरे, रेशमलाल, चतुर सिंह ध्रुव, ज्योति, ममता पैकरा सक्रिय युवती भुनेश्वरी बांधे सीमा भारती और अन्य सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं का श्रीफल गमझा भेंट कर सम्मान संस्थान द्वारा किया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में एकजुट हुए कार्यकर्ता



**गिधौरी।** जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया एवं बिलाईगढ़ विधानसभा विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक की अगुवाई में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान की बैठक हुई।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेंद ठाकुर एवं विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख कर यह बैठक आयोजित की गई है। लोकसभा में जीत हासिल करने सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस के एजेंडे को गिनाये। बैठक में नारी न्याय योजना के फॉर्म को भरने जिला अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे ने सबसे अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, पूर्व अध्यक्ष नल कुमार पटेल, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमशिला नायक, गोप लाल पटेल, नेमीचंद केसरवानी, छत्रसाल साहू, मोहन रात्रे, रामबाई पालेस्वर, आदिवासी प्रदेश संयोजक संतोष दीवान, पुरुषोत्तम प्रधान, डिगेश यादव, बबलू खान, रतन डडसेना, नंद कुमार डडसेना, प्रमोद साहू, किशोर साहू, मन्नू लाल पटेल, राम सिंह ठाकुर, देव कुमार साहू, अश्वनी केवट, धरम रात्रे, मोहित चौधरी, टीकम सिंह नायक, पांडेवा चौहान, संजय सुमन चौहान, रेशम लाल मैत्री, संत राम बरीहा, कृष्ण चंद्र पटेल, दीपक बन्दे, जीवरधन पटेल, जितेंद्र पटेल, उत्तर साहू, बिजेंद पालेस्वर, दया राम, रामा डडसेना, शालिक पटेल, धनीराम नाग, पवन बरीहा, लोरीक यादव, टुपेसर पटेल, जब्बार खान, गोकुल बर्मन, लोकनाथ पटेल, रामकुमार नायक, जान मोहम्मद खान, संतोष पटेल, नंदकुमार पटेल, घासिया राम पालेस्वर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे।

## भागवत में सुनाई गई श्रीकृष्ण की लीला

**खरोरा।** नगर में यादव परिवार के तत्वावधान में संगीत मय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में आचार्य शशांक शुक्ला ने भगवान की लीलाओं के विषय में बाल लीला, पूतना उद्धार, शकटासुर, तृणावर्त का उद्धार भगवान का नाम कर्ण संस्कार, माखन चोरी लीला, माखन का अर्थ बताया गया। उन्होंने कहा मन भगवान माखन रूपी मन का चोरी करते हैं, भगवान गोपियों का वस्त्र हरण नहीं किए हैं, अभी तो भगवान गोपियों का वासना रूपी वस्त्र का हरण किये हैं, भगवान ने कालिया का उद्धार किया। गोवर्धन पर्वत को 7 दिनों तक 7 वर्ष की आयु




में साथ कोष के गोवर्धन को भगवान 7 दिन 7 रात तक एक अपनी कनिष्क उंगली में धारण किए पूज्य महाराज श्री कथा के माध्यम से लोगों को बताया कि एकादशी व्रत सभी को रखना चाहिए, जो मनुष्य एकादशी व्रत धारण करता है, भगवान उनके समस्त पापों को नष्ट कर देते हैं। एकादशी रहने वालों को कभी कैंसर का रोग नहीं होता। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पूज्य महाराज श्री के कथा अमृत में ज्ञान और विज्ञान दोनों के विषयों पर प्रकाश डालने का प्रयत्न करते हैं।

### मजिस्ट्रेट कृष्ण मुरारी को दी विदाई ...



भटगांव। नगर भटगांव न्यायालय के सिविल कोर्ट मजिस्ट्रेट कृष्णा मुरारी शर्मा को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में सिविल कोर्ट भटगांव सभी वकील शामिल हुए और उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

## शनिदेव का दर्शन करने भटगांव पहुंचीं अभिनेत्री प्रतिमा भार्गव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

अभिनेत्री प्रतिमा भार्गव का नगर आगमन हुआ, जहां ब्राम्हण पारा में स्थित शनि देव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रसाद चढ़ाएं। अपने हाथों से भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इसके बाद उन्होंने सभी के साथ फोटो खिंचाए। साथ ही साथ अपनों से बड़ों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उसके बाद भटगांव से लगे ग्राम देवसागर मां हिंगलाज के दर्शन के लिए पहुंची और मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। विदित हो कि जांजगीर में जन्मी प्रतिमा भार्गव एएसआई अमृत भार्गव की बेटी है, जो भटगांव थाना में पदस्थ है। उनका बचपन से ही शौक फिल्मों में काम करना था। पिता ने भी उसे उसके मन के मुताबिक चलने के लिए भरपूर छूट दी। इसके बाद प्रतिमा ने पहले तो फैशन के क्षेत्र में कदम रखा। लगातार वह मिस छत्तीसगढ़, नार्थ इस्ट आईकॉन जयपुर, राजस्थान अचीवमेंट अवार्ड सहित अन्य कई तरह के अवार्ड अपनी झोली भरी। इसके बाद उसकी प्रतिभा को देखकर छोटे पर्दे में के निर्माता निर्देशकों ने अपने टीवी सिरियल में उसे स्थान दिया। टीवी सिरियल में सावधान इंडिया, विक्रम भट्ट, कलर्स टीवी में नागिन सहित कई सिरियल में काम कर चुकी है। इसके बाद बालीवुड में कदम रखकर अपना मुकाम बना रही है।

हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने कहा कि मेहनत करो, सफलता कदम चूमती है। उन्होंने कहा वे वह बचपन से चाहती थी कि एक दिन मुंबई जाकर परचम लहराएगी। मन में जोश और जुनून के आगे सफलता तनमस्तक हुई। आज वह इस मुकाम तक पहुंच गई है।

**हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को मारने बहन होलिका का सहारा लिया, जो असफल रहा**

# प्रह्लाद था भगवान विष्णु का महान उपासक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

- भागवत में सुनाई गई प्रह्लाद की कथा

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम सिसदेवरी में भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन राधेलाल, सुभद्रा चंद्राकर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पंडित सुखदेव शर्मा है। भागवत में भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई गई। कथाकार ने कहा छोटा सा लड़का था जिसका नाम प्रहलाद था, वह भगवान में बहुत आस्था रखता था और भगवान विष्णु का बहुत बड़ा भक्त था। उसके पिता राजा थे, उनका नाम हिरण्यकश्यप था और वे बहुत बड़े नास्तिक थे। वे भगवान को नहीं मानते थे। उसके पिता बहुत अकड़ू और घमंडी थे।



वे खुद से बढ़कर किसी को भी नहीं मानते थे। जब उन्हें यह बात पता चली कि उनका बेटा प्रहलाद किसी विष्णु नाम के देवता की बहुत पूजा करता है, तो उन्हें यह बात बिलकुल पसंद नहीं आई। उन्होंने प्रहलाद को बहुत बार समझाया कि वह विष्णु की पूजा करना छोड़ दे, लेकिन प्रहलाद नहीं माना, क्योंकि उसके तो तन-मन व रोम-रोम में विष्णुजी बसे थे। इस बात से आहत होकर हिरण्यकश्यप अपने बेटे प्रहलाद को सबक सिखाना चाहता था, जब सारी कोशिशों के बाद भी हिरण्यकश्यप प्रहलाद को विष्णु की भक्ति करने से रोक और उसे बदल नहीं पाए तो उन्होंने उसे मार देने की सोची, फिर उन्होंने एक दिन प्रहलाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका की मदद ली, होलिका को भगवान शंकर से वरदान मिला हुआ था, उसे वरदान में एक ऐसी चादर मिली थी, जिसे ओढ़ने पर अग्नि उसे जला नहीं सकती थी, होलिका उस चादर को ओढ़कर और प्रहलाद को अपनी गोद में लकर अग्नि में बैठ गई।

लेकिन वह चादर उड़कर प्रहलाद पर आ गई और प्रहलाद की जगह होलिका ही जल गई। इस तरह हिरण्यकश्यप और होलिका के गलत इरादे पूरे नहीं हो पाए। इस अवसर पर पं. उमा शंकर तिवारी, एमन चंद्राकर, पंकज चंद्राकर,परम चंद्राकर, भूषण चंद्राकर,नरेश चंद्राकर, पंकज तिवारी,पप्पू चंद्राकर, वेदांक तिवारी,सुभद्रा चंद्राकर, सीता चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, निर्मला चंद्राकर, पुष्पा तिवारी, नबिना झा, इंद्राणी तिवारी, खुशबू चंद्राकर, तनु चंद्राकर, भारती चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, भावना चंद्राकर, छाया चंद्राकर, सीमा फेकर, मिली चंद्राकर, मोनिका चंद्राकर, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

